संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची

सत्र (2021-22)

कक्षा - 7

विषय – हिंदी **पाठ - 3 शह और मात** पुस्तक – मंथन

मौखिक

प्रश्न 1 - गाँव के चौधरी ने सेठ को क्या बेचा ?

उत्तर - गाँव के चौधरी ने सेठ को लकड़ियाँ बेची ।

प्रश्न 2 - सेठ अपनी किस बात पर अड़ा रहा ?

उत्तर - सेठ लकड़ियों के साथ पूरी बैलगाड़ी लेने पर अड़ा रहा।

प्रश्न 3 - दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने क्या किया?

उत्तर- दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने सेठ से बदला लेने के लिए उसी नगर में, लकड़ियाँ बेचने गया ।

प्रश्न 4 - सेठ को गाड़ी का दाम बता कर चौधरी के बेटे ने मन-ही-मन क्या सोचा ?

उत्तर- सेठ को गाड़ी का दाम बता कर चौधरी के बेटे ने मन-ही-मन सोचा कि यह वही सेठ है जिसकी उसे तलाश थी ।

प्रश्न 5 -मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने पर सेठ ने गाड़ी वाले से क्या कहा ?

उत्तर - मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने से सेठ ने उससे कहा कि उससे गलती हुई है, उसे वह माफ कर दे । उस पर दया करें ।

प्रश्न 6- चौधरी के बेटे ने सेठ को क्या दंड दिया ?

उत्तर- चौधरी के बेटे ने सेठ से पाँव में पगड़ी रखकर सात बार नाक रगड़ने का दंड दिया ।

लघूउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1 सेठ ने चौधरी को गाड़ी और बैलों की कितनी कीमत चुकाई ?

उत्तर - सेठ ने. चौधरी को गाड़ी और बैलों की कीमत पाँच रूपए चुकाई।

प्रश्न 2 कौन पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गाँव की और चल दिया ?

उत्तर- बूढ़ा चौधरी पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गाँव की ओर चल दिया ।

प्रश्न 3 सेठ ने दोनों मुट्ठियों में क्या बंद किया ?

उत्तर- सेठ अपने दोनों मुट्ठियों में एक-एक टका बंद किया ।

प्रश्न 4- सेठ ने कितनी बार जमीन पर नाक रगड़ी ?
उत्तर - सेठ ने सात बार ज़मीन पर नाक रगड़ी ।

प्रश्न 5- कौन दोनों बैलगाड़ियाँ अपने साथ लेकर लौटा ?
उत्तर- बूढ़ा चौधरी का छोटा बेटा दोनों बैलगाड़ियाँ अपने साथ लेकर घर लौटा ।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1 "मेरे समझने में भूल हो गई । मैंने तो लकड़ियों का मूल बताया था ।" ये शब्द किसने कहे तथा क्यों ?

उत्तर -ये शब्द बूढ़े चौधरी के है । उसने सेठ से कहा क्योंकि उसने तो पाँच रूपए लकड़ी की कीमत बताई थी। पर सेठ पाँच रुपए में पूरी लकड़ी गाड़ी सहित लेने के लिए चौधरी पर दबाव बना रहा था । वह बूढ़े चौधरी को अपनी गाड़ी नहीं ले जाने दे रहा था । इस कारण बूढ़ा चौधरी सेठ के बात पर अपना पक्ष रख रहा था, और गाड़ी को देने के लिए मना कर रहा था ।

प्रश्न 2 - "चौधरी के बेटों को किस कारण क्रोध आया ? उन्होंने क्रोधवश होकर क्या कहा ?
उत्तर - सेठ द्वारा बूढ़ा चौधरी को ठगा गया । साथ ही बूढ़ा चौधरी को पैदल ही गाँव बिना बैलगाड़ी के आना पड़ा । यह देखकर उनके चारों बेटों को सेठ पर बहुत क्रोध आया । वे उस सेठ से तुरंत ही बदला लेने की बात कही, पर छोटे बेटे ने कहा कि वह अकेला ही निपट सकता है । सेठ से निपटने के लिए वह सेठ का ही तरीका अपनाने की बात कही ।

प्रश्न 3- चौधरी के बेटे ने सेठ से किस प्रकार बदला लिया ?
उत्तर - चौधरी के बेटे ने सेठ के नगर में दोबारा एक गाड़ी लकड़ी लेकर गया और उसकी कीमत दो मुट्ठी टक्के बताया । जब सेठ अपनी दोनों मूर्ट्ठियों में एक-एक टके लेकर आया तो लड़के ने उसकी मुट्ठी पकड़ ली और उसकी मुट्ठी पर हसिए रगड़ने लगा जैसे वह उसे काट लेगा। यह देखकर सेठ डर गया । तब उसने सेठ को याद दिलाई, उसने उससे कहा कि तुम्हारे शहर में जब लकड़ियों के साथ साथ गाड़ी-बैल बिकती हैं तो टके के साथ तुम्हारी मुट्ठियाँ भी जाएँगी । सेठ को अपनी गलती पर पछतावा हुआ । वह सेठ से अपनी बैलगाड़ी, पाँच सौ रूपये के साथ उसकी पगड़ी पैर पर रखवाकर सात बार नाक रगड़वा कर सेट से बदला लिया ।

पठित गद्यांश प्रश्न

प्रश्न 1.
प्रश्न क - सेठ ने बूढ़े चौधरी को गाड़ी का क्या दाम बताया ?
उत्तर - पाँच रूपए

प्रश्न ख -उपहास का क्या अर्थ है ?
उत्तर -अपमान, निरादर, उपेक्षा

प्रश्न ग -चौधरी के चौथे बेटे में कौन सा गुण था

उत्तर -बुद्धिमानी

प्रश्न घ -चौधरी के बेटा शहर जाकर किससे मिला?

उत्तर - सेठ से

प्रश्न ड.चौधरी ने गाड़ी में रखी तमाम ________________निकालकर आँगन में रख दी ।

उत्तर- **<u>लकड़ियाँ</u>**

प्रश्न 3 - किसने, किससे कहा?

क- " खबरदार गाड़ी और बैलों को हाथ मत लगाना ।"

उत्तर- सेठ ने बूढ़े चौधरी से कहा ।

ख- " बैलगाड़ी तो ठिकाने लगी ।"

उत्तर- बूढ़े चौधरी ने अपने बच्चों से कहा ।

ग- **"एक ही बात बता दूँ कि गाड़ी के दो मुट्ठी टके लूँगा ।"**

उत्तर- बूढ़े चौधरी के छोटे बेटे ने सेठ से कहा ।

घ -"गाड़ी के साथ दंड के पाँच सौ रुपए भी दूँगा।"

उत्तर- सेठ ने चौधरी के बेटे से कहा

=======================